दिनांक 01.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर निगम में कार्यरत् श्रवण कुमार सिंह ठाकुर उच्च श्रेणी लिपिक, अंजोरी राम पटेल चौकीदार एवं बोधीराम सफाई कामगार को सेवानिवृत होने पर उनके अंतिम कार्य दिवस 31 अक्टुबर को निगम सभागार में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य सुभद्रा सिंह सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भावभिनी बिदाई दी। तात्कालीन साडा एवं वर्तमान निगम में कार्यरत् कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर उन्हे निगम की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल प्रदान करते हुए फुल माला पहनाकर उनका स्वागत करते हुए उपस्थित अतिथियों ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों की कार्यशैली एवं उनके कर्तव्य परायणता का सराहना किये। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी आर0के0 साहू, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, मुकेश अग्रवाल, सचिव जीवन वर्मा, अनुप ठाकुर, संजय मिश्रा, संजय शर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, वकील अहमद, शरद दुबे, अजय शुक्ला सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जन सम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई